आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने कहा– पालमपुर में खोला जाएगा एस.डी.आर.एफ. का मुख्य प्रशिक्षण संस्थान– बादल फटने की बढ़ती घटनाओं का पता लगाने के लिए शोध करवाएगी सरकार।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुल्लू में लगभग 18 करोड़ रूपये से निर्मित विभिन्न पेयजल परियोजनाओं का किया लोकार्पण।
- विश्व मानक दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित– भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानकों की अनुपालना की ली गई शपथ।
- भुंतर से जयपुर के बीच हवाई उड़ानें शुरू– पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद।

आपदा प्रबंधन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पालमपुर में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल का एक मुख्य प्रशिक्षण संस्थान खोला जाएगा। उन्होंने आज शिमला के गेयटी थियेटर में अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की बढ़ती घटनाओं का पता लगाने के लिए शोध किया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की आपदा से जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष प्रदेश में बरसात के दौरान करोड़ो रूपये का नुकसान हुआ और बादल फटने व बाढ़ की घटनाओं में सैंकड़ों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने माना कि जलवायु परिवर्तन भी बादल फटने की घटनाओं का एक मुख्य कारण है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के कारणों का पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को भी पत्र लिखा गया है और राज्य सरकार अपने स्तर पर भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर मौसम पूर्वानुमान के लिए बुनियादी अधोसंरचना को भी सुदृढ़ कर रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया को लेकर युवा स्वयंसेवियों की टास्क फोर्स के लिए कांगड़ा व चंबा ज़िले को सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले ज़िला पुरस्कार से सम्मानित किया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज कुल्लू ज़िले के प्रीणी स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आवास का दौरा किया। उन्होंने इस गांव में वाजपेयी जी द्वारा बिताए गए पलों और स्मृतियों को याद किया। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उनके साथ थीं। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का हिमाचल और यहां के लोगों से बड़ा स्नेह था और वे इसे अपना दूसरा घर मानते थे। उन्होंने कहा कि वाजपेयी ने यहां के शांत वातावरण में अनेक कविताएं लिखी हैं। बाद में राज्यपाल ने रॉरिक आर्ट गैलरी व नग्गर कैसल का दौरा भी किया।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज कुल्लू में 18 करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न पेयजल परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें पीज फाटी की लगभग 16 करोड़ रूपये से बनी उठाऊ पेयजल योजना भी शामिल है। मुकेश अग्निहोत्री ने सुमा में एक जनसभा में कहा कि जलशक्ति विभाग की ओर से कुल्लू में 7 सौ 8 पेयजल योजनाओं का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि एक सौ 11 पर काम जारी है। इसके अलावा सिंचाई की 89 योजनाएं भी पूरी कर ली गई हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण के तहत कुल्लू ज़िले की 24 योजनाएं मंजूर हुई हैं, जिन पर एक सौ 58 करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उप–मुख्यमंत्री ने कुल्लू भुट्टी चौक से परिवहन निगम की 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय एकजुटता की भावना वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के लिए भारत के दृष्टिकोण का मूल है। दिल्ली में आज औषधि विनियामक प्राधिकरणों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए नड्डा ने कहा कि भारत इस सम्मेलन में केवल भागीदार ही नहीं है, बल्कि एक मजबूत और अधिक लचीली दुनिया का निर्माण करने वाला भागीदार भी है। उन्होंने कहा कि ये पांच दिवसीय सम्मेलन है, जिसमें 120 से अधिक देशों की भागीदारी है।

विश्व मानक दिवस

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लगभग सात सौ 32 उत्पादों के लिए 150 से अधिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए गए हैं। नई दिल्ली में आज विश्व मानक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रहलाद जोशी ने भारत को अपनी सर्वोत्तम गुणवत्ता के लिए मान्यता दिलाने और भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पर्याय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वैश्विक व राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को उच्च स्तर की सुविधाएं, उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने में मानकों की महत्पूर्ण भूमिका है। सोलन ज़िले के बद्दी में आज भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जीवन के सभी क्षेत्रों में मानक बेहतरी प्रदान करते हैं। विक्रमादित्य सिंह ने लोगों से भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया है। इस बीच प्रदेश के कई ज़िलों में अधिकारियों व कर्मचारियों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों की अनुपालना की शपथ दिलाई गई।

रोज़गार

युवाओं को विदेश में रोज़गार देने की राज्य सरकार की पहल के तहत 5 युवाओं का पहला बैच आज सऊदी अरब पहुंचा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन्हें इस वर्ष 31 अगस्त को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे। इनमें ऊना ज़िले के 4 और हमीरपुर ज़िले का एक युवा शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विदेश में रोज़गार की संभावनाएं बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने दुबई में एक निजी कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि इस कंपनी ने विदेश भर्ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हिमाचल से लगभग 20 फीसदी भर्तियां करने का लक्ष्य रखा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश से हर वर्ष लगभग एक हज़ार युवाओं को दुबई में रोज़गार दिया जाएगा।

उड़ान

भुंतर हवाई अड्डे से जयपुर के लिए हवाई उड़ानें शुरू हो गई हैं। जयपुर से आज भुंतर एयरपोर्ट पर एयरलाइंस की पहली उड़ान पहुंची, जिसके माध्यम से 56 यात्री कुल्लू आए। इसके अलावा भुंतर से भी 21 यात्री जयपुर के लिए रवाना हुए। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ये उड़ान शुरू होने से कुल्लू–मनाली में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।

समन्वय समिति

एच.आर.टी.सी. कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने आज से होने वाली अपनी हड़ताल को टाल दिया है। समिति के सदस्यों ने आज शिमला में निगम के प्रबंध निदेशक के साथ एक बैठक की, जिसमें उन्हें विभिन्न मांगों को समयबद्ध पूरा करने का आश्वासन दिया गया। समिति के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने बताया कि निगम के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को लेकर प्रबंध निदेशक के साथ बातचीत हुई है और उन्होंने सभी मांगों पर सहमति जताई है।

आरबीआई–गवर्नर

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित कर चुका है। नई दिल्ली में आज आरबीआई एट 90 उच्च स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस अवसंरचना ने उच्च गुणवत्ता के डिजिटल वित्तीय उत्पादों के विकास में सुविधा प्रदान की है। शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत अब विश्व के तीसरे महत्वंपूर्ण जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बन चुका है। यहां एक लाख चालीस हजार से अधिक स्टार्टअप और एक सौ से अधिक यूनिकॉर्न हैं।

सर्वोच्च न्यायालय–कोविड19

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कोविड–19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी।

मॉकड्रिल

अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस और समर्थ 2024 अभियान के तहत आज ऊना के मिनी सचिवालय में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें मिनी सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सुरक्षा तैयारियों का आकलन करना और जन जागरूकता बढ़ाना था। ए.डी.सी. महेन्द्र पाल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को लेकर जागरूकता बढ़ती है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। जनजातीय व ऊपरी क्षेत्रों में सुबह–शाम के तापमान में गिरावट जारी है। लाहौल–स्पीति और किन्नौर जिलों में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 20 अक्तूबर तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा।